कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बागमती प्रमण्डल, सीतामढ़ी।

(Email- eebd1s@gmail.com)

पत्रांक.............

सीतामढ़ी, दिनांक...............

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0 02/2026–27
सेवा प्रदाता से ट्रैक्टर के साथ पोर्टेबल जेनरेटर जोड़कर लाईट के साथ बाढ़ अवधि 2026 के दौरान तटबंध की सुरक्षार्थ मोबाईल एम्बुलेंस हेतु कोटेशन

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नामः– कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी।

सेवा प्रदाता से ट्रैक्टर के साथ पोर्टेबल जेनरेटर जोड़कर लाईट के साथ बाढ़ अवधि 2026 के दौरान तटबंध की सुरक्षा हेतु अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रित की जाती है जिसका उपयोग विभिन्न अति आक्राम्य, अति संवेदनशील स्थलों पर आवश्यकतानुसार जरूरत पड़ने पर खाली बैग, नायलॉन क्रेट, खाली जियो बैग, बालु गिट्टी इत्यादि के साथ मजदूरों को रखकर क्षेत्रान्तर्गत ले जाने एवं वहाँ आवश्यक कार्य कराने हेतु 24 घंटे तैयार रहना होगा एवं निदेशानुसार कार्यस्थल पर तत्क्षण प्रस्थान करेगा। ट्रैक्टर, जेनरेटर एवं हैलोजन निम्न प्रकार होना चाहिए–

1. **विवरणः–**

   (क) ट्रैक्टरः– 35 HP का न्यूनतम

   (ख) पोर्टेबल जेनरेटरः– 02 K.V.

   (ग) हैलोजनः–कार्य के लिए पर्याप्त रौशनी होनी चाहिए कम–से–कम 500 Watt का 04 अद्द, एवं प्रत्येक रौशनी हेतु 30 मीटर लम्बाई की तार सहित।

   सेवा प्रदाता से आईडिल अवधि एवं कार्यकारी अवधि के दर की अपेक्षा की जाती है।

   (अ) आईडिल दरः–

   (ब) कार्यकारी दरः–

2. **मूल्यांकनः–**

   दर उद्धरण का मूल्यांकन निम्नांकित फार्मूला से किया जायेगा।

   A X 0.3 + B X 0.7, जहाँ A आईडिल दर है एवं B कार्यकारी दर है।

3. **शर्तेः–**

   (क) सेवा प्रदाता का निबंधन मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर, में बाढ़ 2026 के कार्यों हेतु होना चाहिए।

   (ख) सेवा प्रदाता का GST, निबंधन, पैन कार्ड एवं चरित्र प्रमाण पत्र होना चाहीए।

   (ग) आयकर की कटौती आयकर अधिनियम 1961 के नियमानुसार की जायेगी।

   (घ) ट्रैक्टर एवं जेनरेटर हमेशा चालु स्थिति में रहना चाहिए अन्यथा खराब होन पर देय दर के दो गुनें वसूली की जायेगी।

   (ड़) सभी कार्यों का भुगतान लॉग बुक प्रविष्टि के आधार पर किया जायेगा।

   (च) अद्योहस्ताक्षरी को निर्धारित अवधि के पूर्व भी वाहन/मोबाईल एम्बुलेंस स्थल से हटाने को अधिकार सुरक्षित रहेगा।

   (छ) मशीनरी का उपयोग नहीं होने की स्थिति में आईडल दर पर भुगतान किया जायेगा। आईडल अवधि अधिकतम 12 घंटे की होगी।

4. अल्पकालीन कोटेशन प्राप्ति की तिथिः– 01.06.2026 से 06.06.2026 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।

5. अल्पकालीन कोटेशन प्राप्ति का स्थानः— कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, सीतामंढ़ी।

6. अल्पकालीन कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः— दिनांक 06.06.2026 अपराह्न 03:30 बजे।

7. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी के सूचना पट्ट एवं कार्यालय कक्ष में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/-

कार्यपालक अभियंता
बागमती प्रमण्डल, सीतामढ़ी।

पत्रांक 744 / सीतामढ़ी, दिनांक 20.05.2026/

प्रतिलिपि— सूचना एवं जन—सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को ई—मेल के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित।

20/05/26

कार्यपालक अभियंता
बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी।

20.05.2026